प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.03.2026
समय : 09:00 ए.एम.

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आज–हनुमानगढ़ में होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे।
- मध्य पूर्व संकट के चलते विभिन्न विमानन कंपनियों ने फंसे हुए भारतीय यात्रियों को वापस लाने के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू की।
- सेना के सप्तशक्ति कमान की ओर से आज चूरू में गौरव सेनानी समारोह आयोजित किया जा रहा है।
- टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के खिताबी मुकाबले में आज भारत और न्यूजीलैंड आमने–सामने होंगे।

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस वर्ष का विषय है–महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई। यह महिला अधिकारों को मजबूत करने, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और स्त्री–पुरुष समानता में तेजी लाने की भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर आज देशभर में कई कार्यक्रम हो रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में एक समारोह में शामिल होंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय आज कर्तव्य–पथ पर अलग–अलग क्षेत्र की महिलाओं के साथ शक्ति वॉक का आयोजन कर रहा है।

इधर प्रदेश में भी राज्यस्तरीय समारोह हनुमानगढ़ में रखा गया है जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि भी हस्तांतरित करेंगे।

प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है ।

राजस्थान पुलिस की ओर से सुरक्षा सखी पखवाडा मनाया जा रहा है। एक मार्च से शुरू हुए इस पखवाडे के तहत सुरक्षा सखियां घर–घर जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों और हितों से जुडे कानूनों की जानकारी दे रही है। राजस्थान पुलिस की एडिशनल एसपी सुनीता मीणा ने महिलाओं से सुरक्षा सखी बनने की अपील की है ताकि वे महिलाओं और बच्चियों के हितों का संरक्षण करने में पुलिस का साथ दे सके।

मध्य पूर्व संकट के कारण कल दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों पर 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। अधिकारियों के अनुसार, मुंबई हवाई अड्डे से 35 प्रस्थान और 36 आगमन उड़ानें रद्द की गईं, जबकि दिल्ली हवाई अड्डे से 22 प्रस्थान और 17 आगमन उड़ानें रद्द की गईं। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, "फंसे हुए यात्रियों को भारत वापस लाने के लिए आज अबू धाबी, दुबई, मस्कट, रस अल–खैमाह और शारजाह से आने–जाने वाली अतिरिक्त गैर–निर्धारित उड़ानें संचालित करने की योजना है।" इंडिगो ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये मध्य पूर्व के आठ गंतव्यों के साथ–साथ यूरोप के लिए भी उड़ानें जारी रखने की बात कही है। वहीं दिल्ली हवाई अड्डे के संचालक ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति के कारण, पश्चिम की ओर जाने वाली कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी या समय–सारणी में बदलाव हो सकता है।

पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने इस क्षेत्र में 9, 10 और 11 मार्च की 12वीं की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। बोर्ड ने बताया कि 10 मार्च को स्थिति की समीक्षा की जाएगी और 12 मार्च से होने वाली परीक्षाओं के संबंध में उचित कार्रवाई होगी। विद्यार्थियों को अपने विद्यालयों के संपर्क में रहने और आधिकारिक घोषणाओं का पालन करने की सलाह दी गई है।

सेना के सप्तशक्ति कमान की ओर से आज चूरू में गौरव सेनानी समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पंहुचने का भी कार्यक्रम है। इसमें पूर्व सेनिकों, वीर नारियों और वीरांगनाओं के लिए मेगा मेडिकल कैम्प भी रखा गया है। कार्यक्रम में 6 हजार से ज्यादा पूर्व सैनिक शामिल होंगे। इस अवसर पर रैली में सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन किया जायेगा।

केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना जन औषधि केंद्रों के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना में योगदान दे रही है। कल नई दिल्ली में 8वें जन औषधि दिवस के अवसर पर श्री नड्डा ने इस कार्यक्रम को मजबूत करने पर जोर दिया। श्री नड्डा ने लोगों से इस कार्यक्रम से जुडने की अपील की और इसे एक मिशन बनाने का आह्वान किया।

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का खिताबी मुकाबला आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। ये मैच शाम 7 बजे अहमदाबाद में खेला जायेगा। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है। इससे पहले भारत ने रोमांचक सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है।

जयपुर आमेर किले के सामने स्थित मावठा झील में कल से पर्यटकों के लिए बोटिंग सेवा शुरू होगी। पर्यटन विभाग ने इसके संचालन का अनुबंध दे दिया है। पर्यटन निदेशक माधव शर्मा ने बताया कि इस सुविधा से आमेर आने वाले देशी–विदेशी पर्यटक झील में नौकायन करते हुए किले की भव्यता और आसपास की पहाड़ियों का नजारा देख सकेंगे। मावठा झील में पर्यटकों के लिए शिकारा, पैडल बोट, स्पीड बोट और एक्वा साइकिल जैसी कई बोटिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

प्रदेश में कई स्थानों पर आज रंग पंचमी मनाई जा रही है। लोग जगह–जगह पारम्परिक रूप से इस त्यौहार को मना रहे है। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में चंग की थाप पर लोकगीत गाये जा रहे है। महिलाएं पारम्परिक लोकगीत गा रही है। वहीं काणा गांव में सांपागेर के बाद शाम को कोडे बरसाती होली खेली जायेगी। जिले के खुटाणी में खेतला जी, भैरूजी का मेला भर रहा है। उधर भरतपुर में आज बास्योडा पर्व धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही सेढ़ का मढ़ पर श्रद्धालु पंहुच रहे है। महिलाएं ठण्डे पकवानों का भोग लगा रही है।